दिन—बुधवार दिनांक— 10 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः— 05 मिनट

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह अब से थोड़ी देर बाद औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के गुरारू में पार्टी प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह के समर्थन में एक चुनावी सभा को सम्बोधित करेंगे। चुनाव की घोषणा के बाद श्री शाह का यह बिहार का पहला दौरा होगा।

———————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज औरंगाबाद में पार्टी प्रत्याशी अभय कुशवाहा के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। श्री यादव ने कहा कि केन्द्र सरकार की नीतियों के कारण आज देशभर में बेरोजगारी और महंगाई बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं को पीछे धकेलने का काम किया जा रहा है। श्री यादव ने केन्द्र सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया। सभा को विकासशील इंसान पार्टी के मुकेश सहनी समेत इंडी गठबंधन के कई नेताओं ने भी सम्बोधित किया।

———————————————————————

बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच. आर. श्रीनिवास ने आज पटना में लोकसभा चुनाव में मतदाता जागरूकता को लेकर तीन सौ रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन रथों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया जायेगा। इस अवसर पर पटना के जिला निर्वाचन पदाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक और परिवहन विभाग के सचिव संजय अग्रवाल भी मौजूद थे।

———————————————————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी—एनटीए ने स्पष्ट किया है कि जो छात्र आम चुनाव में वोट डालते हैं और अपनी उंगलियों पर स्याही लगवाते हैं, उन्हें परीक्षा कक्ष में आने से नहीं रोका जाएगा। एजेंसी ने कहा है कि सोशल मीडिया पर इस संबंध में चल रहे संदेश पूरी तरह से निराधार हैं। एनटीए ने कहा है कि उसने ऐसा कोई दिशानिर्देश जारी नहीं किया है। एजेंसी ने छात्रों से कहा है कि वे ऐसी अफवाहों पर ध्यान न दें, अपने मताधिकार का प्रयोग करें और अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें।

———————————————————————

चैत नवरात्र के दूसरे दिन आज देवी दुर्गा के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा–अर्चना की जा रही है। मान्यता है कि माँ के इस स्वरूप की पूजा–अर्चना से सौभाग्य, आरोग्य और अभय की प्राप्ति होती। हमारे सम्वाददाताओं ने बताया है कि विभिन्न मंदिरों और शक्तिपीठों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ रही है।

———————————————————————————

ईद–उल–फित्र का त्योहार कल मनाया जाएगा। ईद की नमाज अदा करने के लिए राजधानी पटना के गांधी मैदान समेत सभी ईदगाहों में तैयारी पूरी कर ली गयी है। कल गांधी मैदान में सुबह साढ़े सात बजे नमाज अदा की जाएगी। ईद को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। वहीं, बाजारों में भी खरीदारी को लेकर रौनक बढ़ गयी है।

———————————————————————————

बक्सर के चौसा में निर्माणाधीन पावर प्लांट की ओर से रैयतों को उचित मुआवजा नहीं मिलने के विरोध में आज किसान नेता राकेश टिकैत के नेतृत्व में बक्सर होमगार्ड कम्पाउंड में किसान महापंचायत का आयोजन किया गया। श्री टिकैत ने कहा कि रैयतों को नई दर के आधार पर मुआवजा मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि जमीन मालिकों को उनका हक नहीं मिलता है तो आंदोलन को और तेज किया जायेगा।

———————————————————————————

मौसम विभाग ने आज कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, पूर्वी चम्पारण, सीतामढ़ी और शिवहर जिले में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की सम्भावना जतायी है। राज्य के शेष हिस्सों में मौसम प्रायः शुष्क बना रहेगा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले पांच दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस क्रमिक वृद्धि हो सकती है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान चालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ शेखपुरा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

———————————————————————————

गर्मी की छुट्टियों पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुये पूर्व मध्य रेलवे पटना और गया से आनंद विहार के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन करेगा। मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि इन दोनों स्पेशल ट्रेन का परिचालन पन्द्रह अप्रैल से एक जुलाई के बीच किया जायेगा।

———————————————————————————

मधुबनी जिले के देवधा थाना क्षेत्र से पुलिस ने बाईस किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

'मुज़फ़्फ़रपुर जिले के बरुराज थाना क्षेत्र के सिसवा गांव स्थित एक तालाब में नहाने के दौरान डूबने से दो बहनों की मौत हो गयी।

——————————————————————————

पटना के बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र अन्तर्गत बांसघाट काली मंदिर के पास अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। इधर, नालंदा जिले के बलवापुर गांव में अपराधियों ने एक किसान की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

——————————————————————————

मुंगेर जिले के लड़ैयाटांड़ थाना क्षेत्र अन्तर्गत विरोजपुर टांड से पुलिस ने दो अपराधियों को हथियार और शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

——————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।